एआई आधारित नेशनल ओलंपियाड में अब हिंदी ओलंपियाड भी शामिल

विद्यार्थियों को मिलेगा नया अवसर, एडवांस एआई आधारित परफारेंस एसेसमेंट रिपोर्ट भी मिलेगी

नई दिल्ली। हर विद्यार्थी की सीखने की यात्रा उसकी भाषा से शुरू होती है। भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं होती, बल्कि सोचने, समझने और खुद को व्यक्त करने की क्षमता का आधार होती है। देशभर के विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि, ज्ञान और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस वर्ष हिंदी ओलंपियाड को भी शामिल किया गया है। यह पहल नई शिक्षा नीति के मातृभाषा आधारित शिक्षा विजन को भी मजबूती प्रदान करेगी। अब केवल साइंस और मैथमेटिक्स ही नहीं, बल्कि हिंदी भाषा में उत्कृष्टता दिखाने वाले विद्यार्थियों को भी राष्ट्रीय पहचान मिलेगी।

नेशनल ओलंपियाड द्वारा हिंदी ओलंपियाड की शुरुआत विद्यार्थियों को भाषा कौशल और साहित्यिक प्रतिभा प्रदर्शित करने का बड़ा अवसर प्रदान करेगी। एक विद्यार्थी की भाषा पर मजबूत पकड़ उसकी कंप्रेहेंसियन, एनालीटिकल थिंकिंग और ओवरआल एकेडमिक परफारमेंस को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी सोच के साथ इस वर्ष अमर उजाला नेशनल ओलंपियाड- 2026-27 में अब हिंदी विषय भी शामिल किया गया है। अब कक्षा 3 से 10 तक के विद्यार्थियों को हिंदी में भी अपनी क्षमता परखने, अपनी समझ को मजबूत करने और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी तैयारी के आकलन करने का अवसर मिलेगा।

ओलंपियाड छात्रों को केवल प्रश्न हल करना नहीं सिखाते, बल्कि बड़ी प्रतियोगी परीक्षा के प्रारंभिक वातावरण और परीक्षा अनुशासन का अनुभव भी देते हैं। कठिन प्रश्नों का सामना करना, सीमित समय में सही निर्णय लेना, दबाव में शांत रहना और क्यूएमआर आधारित परीक्षा का अनुभव लेना, ये सभी चीजें छात्रों में आत्मविश्वास, धैर्य और प्रतियोगी मानसिकता विकसित करती हैं। इसी अनुभव को और बेहतर बनाते हुए अमर उजाला नेशनल ओलंपियाड अब एक नए एआई स्वरूप में शुरू हो चुका है।

अब छात्रों और अभिभावकों को केवल मार्क्स और रैंक ही नहीं, बल्कि एक एडवांस एआई आधारित परफारेंस एसेसमेंट रिपोर्ट भी मिलेगी, जो प्रगति के विभिन्न मानकों के आधार पर छात्र की तैयारी का गहराई से विश्लेषण करेगी।

जानिए इस साल के कुछ नए बदलाव

- एआई डैशबोर्ड : हर छात्र के लिए पर्सनल लर्निंग स्पेस

हर छात्र अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और पासवर्ड से लॉगिन कर पाएगा, जहां उसे मिलेगा:

- फ्री प्रैक्टिस मैटीरियल
- मॉक टेस्ट
- रियल टाइम परफारमेंस एनालिसिस
- टेक एंड एआई ओलंपियाड अब पूरी तरह ऑनलाइन
- अन्य सभी विषय क्यूएमआर आधारित ऑफलाइन परीक्षा के रूप में आयोजित होंगे
- एआई रिपोर्ट अब और भी दमदार
- इस साल एआई रिपोर्ट को पहले से 2 गुना ज्यादा बेहतर बनाया गया है, ताकि हर छात्र को अपनी तैयारी और प्रदर्शन की गहरी समझ मिल सके।

आकर्षक और बड़े पुरस्कार

स्कूल स्तर के मेडल से लेकर यूरोपियन स्पेस सेंटर की यात्रा तक हर प्रतिभागी के पास जीतने का मौका है।

- हिंदी विषय भी जोड़ा गया

अब कक्षा 3 से 10 तक के छात्रों के लिए हिंदी विषय भी शामिल किया गया है।

हर स्तर पर सम्मान, हर छात्र के लिए मौका

- सबसे बड़ा आकर्षण : चैंपियन अवार्ड
- टॉप 3 चैंपियन अवार्ड विजेता छात्रों को एक अभिभावक के साथ यूरोपियन स्पेस सेंटर जाने का अवसर मिलेगा, जहां से शुरू होगी ग्लोबल एक्सपोजर की उड़ान।

ये भी मिलेगा

- नेशनल लेवल : 21,000 रुपये + ट्रॉफी + सर्टिफिकेट
- स्टेट लेवल : 5,100 रुपये + ट्रॉफी + सर्टिफिकेट
- डिस्ट्रिक्ट लेवल : मेडल + सर्टिफिकेट
- स्कूल लेवल : मेडल (क्लास टॉपर्स के लिए)
- हर प्रतिभागी के लिए पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट

- योग्यता कक्षा 1 से 10

ये हैं विषय

- अंग्रेजी
- गणित
- साइंस
- सामान्य ज्ञान
- लॉजिकल रीजनिंग
- हिंदी
- टेक एंड एआई

क्यूआर कोड स्कैन कर तुरंत रजिस्टर करें

वेबसाइट: www.amarujalaolympiad.com

टोल फ्री हेल्पलाइन: 1800-121-1166

भोपाल में केएसएस नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में स्वर्ण पदक विजेता चांदपुर की मान्या मित्तल। स्रोत : परिजन

चांदपुर की मान्या ने नेशनल शूटिंग में जीता स्वर्ण

चांदपुर। केएसएस नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में चांदपुर की युवा निशानेबाज मान्या मित्तल ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन जूनियर महिला वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से नगर और प्रदेश का नाम रोशन हुआ है। भोपाल में आयोजित नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में मान्या ने प्रतियोगिता के क्वालिफिकेशन राउंड में 582 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर फाइनल में मजबूत दावेदारी पेश की। इसके बाद फाइनल मुकाबले में भी उन्होंने शानदार एकाग्रता और सटीक निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 354.8 अंक अर्जित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा निशानेबाजी की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिताओं में गिनी जाती है। इसमें खिलाड़ियों को नीलिंग (घुटनों के बल), प्रोन (लेटकर) और स्टैंडिंग (खड़े होकर) तीनों पोजीशन में निशाना साधना होता है। मान्या ने तीनों पोजीशन में बेहतरीन संतुलन और सटीकता दिखाते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित की। मान्या की उपलब्धि का सबसे खास पहलू यह रहा कि उन्होंने जूनियर वर्ग के साथ-साथ सीनियर वर्ग के फाइनल में भी अपनी जगह बनाई। संवाद

अब मशीन से दोना पत्तल बनाकर युवा बनेंगे उद्यमी

संवाद न्यूज एजेंसी

पहले चरण में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड दे रहा आठ उद्यमियों को मशीन

बिजनौर। मशीन देकर लोगों को सशक्त बनाया जा रहा है। ऐसे में उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से आठ उद्यमियों को दोना पत्तल बनाने की मशीन दी जाएगी। आधुनिक मशीन से दोना पत्तल बनाकर लोग आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेंगे।

उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से खादी नीति के तहत मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीन वितरण की जानी हैं। दोना पत्तल बनाने वाले परंपरागत कारीगर एवं इस उद्योग में रुचि रखने वाले लोगों को मशीन वितरित की जाएंगी। इसके लिए इच्छुक लाभार्थी बोर्ड की वेबसाइट upkvib.gov.in पर टूलकिट्स आवंटन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। लाभार्थी को पांच जून तक आवेदन करना है, इसकी हार्डकॉपी कार्यालय को भी उपलब्ध करानी है। लाभार्थी का चयन चयनसमिति द्वारा किया जाएगा।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी एसएल अग्रवाल ने बताया कि आवेदक की उम्र 18-50 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। साथ ही आवेदक जनपद के ग्रामीण क्षेत्र का स्थाई निवासी होना चाहिए, स्वयं-सहायता समूह एवं प्रशिक्षित व्यक्तियों, महिलाओं, परंपरागत कारीगरों, समाज के आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों का चयन वरीयता के आधार पर किया जाएगा।

तेल बचाने के लिए यूनिवर्सल एकेडमी में साइकिल से पहुंचे शिक्षक। स्रोत : एकेडमी

साइकिल से स्कूल पहुंचे अध्यापक

बिजनौर। यूनिवर्सल एकेडमी के प्रधानाचार्य डॉ. अनुज त्यागी, उप प्रधानाचार्या सुरभ कर्णवाल भी शुक्रवार को साइकिल चलाकर स्कूल पहुंचे। उन्होंने लोगों को ईंधन बचाने के लिए साइकिल से चलने की संदेश दिया। वहीं, एकेडमी के अन्य अध्यापक भी साइकिल से पहुंचे। डॉ. अनुज त्यागी ने कहा कि साइकिल चलाना सेहत के लिए भी जरूरी है। साथ ही प्रधानमंत्री की अपील मानकर उन्होंने सभी शिक्षकों से साइकिल से आने का आह्वान किया। संवाद

पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप कल

नगीना। 17 मई को क्षेत्र के ग्राम मंडोड़ा में पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन होगा। द रॉयल फिटनेस जिम द्वारा आयोजित होने वाली पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू चौधरी होंगे। राजन चौधरी व मारूफ मलिक ने बताया कि चैंपियनशिप में करीब 60 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। संवाद

कयाकिंग कैनोइंगः राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए बिजनौर के आठ खिलाड़ी चयनित

बिजनौर। अमेढ़ा में पश्चिम यूपी का पहला कयाकिंग कैनोइंग प्रशिक्षण केंद्र संचालित है। रायपुर छत्तीसगढ़ में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिजनौर के आठ खिलाड़ियों का चयन हुआ है। अमेढ़ा केंद्र पर प्रशिक्षण लेने वालों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। रायपुर में 12 से 14 जून तक होने वाली 36वीं सब जूनियर महिला व पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए प्रयागराज में ट्रायल हुए। ट्रायल में बिजनौर के खिलाड़ियों ने भी प्रतिभाग किया। बिजनौर के आठ खिलाड़ी हर्ष कुमार, उत्सव धीमान, अंकित कुमार, आदर्श कुमार, मोहम्मद असद, तरुण कुमार, मोहम्मद उवैस, मोनी का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। कोच फिरोज खान ने बताया कि बिजनौर के खिलाड़ियों ने ट्रायल में मांई भोपाल और अन्य जिलों के खिलाड़ियों को शिकस्त देकर यूपी टीम में अपनी जगह बनाई। संवाद

Medical Helpline

मिरगी दौरे — घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

डा.अय्यूब 'मार्शल' MBBS GMCS (UK) FIPS

मार्शल चिकित्सा केन्द्र, निकट पन्ना सिनेमा (सेन्ट्रल बैंक के सामने) कचहरी रोड, मुजफ्फरनगर, मो.9997411423

जिले के स्कूलों में 721 शिक्षक जरूरत से ज्यादा

जारी हुई सरप्लस शिक्षकों की सूची, दूसरे विद्यालयों में होंगे समायोजित

संवाद न्यूज एजेंसी

बिजनौर। जिले के परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सरप्लस 721 शिक्षकों की सूची जारी कर दी है। इनमें 81 शिक्षक उच्च प्राथमिक तथा शेष 640 प्राथमिक विद्यालयों के हैं। ऐसे विद्यालयों में समायोजित किया जाना है, जिनमें छात्र संख्या के हिसाब से शिक्षकों की संख्या कम है। अभी ऐसे विद्यालयों की सूची जारी नहीं की गई है।

परिषदीय विद्यालयों में एक बार फिर शिक्षकों के समायोजन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया के तहत ऐसे विद्यालयों से शिक्षकों को हटाया जाएगा जिनमें छात्र संख्या के अनुपात में शिक्षकों की संख्या अधिक है। इन शिक्षकों को दूसरे ऐसे विद्यालयों में भेजा जाना है जहां छात्र संख्या अधिक है लेकिन शिक्षक कम हैं। समायोजन सूची जारी होते ही शिक्षकों में खलबली मची हुई है। वे इस बात को लेकर आशंकित हैं कि उन्हें किस विद्यालय में भेजा जाएगा, क्योंकि अभी तक शिक्षकों की आवश्यकता वाले विद्यालयों की सूची जारी नहीं हुई है।

ब्लॉकवार सरप्लस शिक्षकों की संख्या

मो.पुर देवमल	99
बुढ़नपुर	32
हल्दौर	77
नूरपुर	74
अल्हैपुर	85
अफजलगढ़	29
किरतपुर	55
जलीलपुर	32
कोतवाली	76
नजीबाबाद	99
नहटौर	63

- अप्रैल की छात्र संख्या के आधार पर तैयार हुई सूची : परिषदीय स्कूलों में सरप्लस शिक्षकों की सूची को अप्रैल माह की छात्र संख्या के आधार पर तैयार किया गया है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि अप्रैल में तो प्रवेश प्रक्रिया शुरू होती है और सितंबर तक चलती है। मार्च माह में कक्षा पांच और आठ के छात्रों के नाम हटा दिए जाते हैं जबकि नए प्रवेश कम होते हैं। ऐसे में अप्रैल माह के छात्र नामांकन कम रहते हैं।

प्राथमिक विद्यालयों में 30 छात्रों पर एक शिक्षक का मानक

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्राथमिक विद्यालय में 30 छात्र संख्या पर एक शिक्षक की तैनाती का मानक है जबकि उच्च प्राथमिक में 35 छात्र संख्या पर एक शिक्षक की तैनाती होनी चाहिए। वर्तमान में शुरू हुई समायोजन प्रक्रिया में प्रत्येक विद्यालय में कम से कम दो शिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है।

अमर उजाला क्लासीफाइड

विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें 1800-121-1166 www.easyconnect.amarujala.com/classifiedonline

Objectionable ads? Complain to ASCI 7710012345 www.ascionline.in

आवश्यकता है

ड्राइवर

भारत के सबसे बड़े राइड बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 700/- तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें 8929449955

सामान्य

Urgent Warehouse Manager Required For MNC. Handsome Salary. Experienced People Preferred. Contact 9557544555

होटल/रेस्त्रां

निक बेकर्स आवश्यकः स्टुअर्ड, कॉन्टिनेंटल शेफ/ किचन हेल्पर, हाउसकीपिंग स्टाफ। योग्यताः न्यूनतम 10वीं पास; फ्रेशर्स आवेदन कर सकते हैं (फूड इंडस्ट्री का अनुभव वांछनीय)। स्थानः जयपुर, पंजाब एवं दिल्ली। सुविधाएंः रहने की व्यवस्था, भोजन, आकर्षक वेतन, EPF एवं ESI फोनः 9875968105, 8146669171

सर्विसेज

ज्योतिष/वास्तु

बाबा पठान जी 11 घंटों में घरबैठे समाधान लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण, पति-पत्नी अनबन, सौतन दुश्मन छुटकारा, 7088752070 हम कहते नहीं करके दिखाते है।

सूचना

व्यक्तिगत

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2021 अनुक्रमांक 210671701 इंटरमीडिएट वर्ष 2023 अनुक्रमांक 2235582457 का अंक सह प्रमाणपत्र खो गया है। मोहम्मद हसान पुत्र मोहम्मद वसीम मोहल्ला हसनपुरा पोस्ट किरतपुर बिजनौर

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2022 रोल नंबर 1220552070 वास्तव में खो गई है। अनमोल सिंह पुत्र बलजीत सिंह निवासी रेलवार पंजाबी कॉलोनी जिला शामली

मेरा हाईस्कूल 2021, अनुक्रमांक 210647077 व इंटरमीडिएट 2023, अनुक्रमांक 2235566250 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र वास्तव में खो गये थे। मो. इरशाद पुत्र हमीनुद्दीन नौगांव सादत अमरोहा

I hitherto Known as OM S/O MANMOHAN, R/O- B 477, L.I.G. sainik vihar, Meerut, nangla Tashi Kanker Khera Meerut, kanker Khera, Meerut, Uttar Pradesh-250001, have changed my name and shall hereafter be known as OM ARORA.

I Sandeep Kumar S/o Indra Kumar Singhal R/o 697, Panchsheel Colony, South Civil Line, Muzaffarnafar UP Changed my name to Sandeep Singhal.

मैंने अपनी पुत्री का नाम तन्वी से बदलकर तन्वी अग्रवाल रख लिया है। भविष्य में उसे तन्वी अग्रवाल D/o अंकित, निवासी- 87, गणेशपुरी खतौली रोड मेरठ

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2025 का अंक प्रमाणपत्र सह अंकपत्र अनुक्रमांक 1250622648 वास्तव में खो गया है। बाबू पुत्र पप्पू सिंह ग्राम धर्मनगरी नांगली नगीना बिजनौर

मैंने अपने पुत्र का नाम अभय त्यागी से बदलकर अभय भारद्वाज रख लिया है जिसकी जन्मतिथि 30/6/2009 है भविष्य में इन्हें अभय भारद्वाज S/o विकास कुमार त्यागी निवासी राधे रामपुर उर्फ नया गांव पोस्ट बैकुंठपुर बिजनौर के नाम से जाना व पहचाना जाए।

मैंने अपना नाम Raies Ahmad से बदलकर Rais Ahmad रख लिया है। भविष्य में मुझे Rais Ahmad के नाम से जाना जाये। रईस अहमद, निवासी-2137, गली नं.-1, फखरूद्दीन अली अहमद नगर, मेरठ

मैं राजकुमार पुत्र मूंगाराम टैगोर गार्डन फेस मिल रोड सहारनपुर अपनी पुत्री अर्चना को गलत आचरण के कारण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर मैं मेरा परिवार सम्बन्ध विच्छेद करते है।

मेरी पुत्री बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0812492, इंटरमीडिएट वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0602928 के प्रमाणपत्र सह-अंकपत्र वास्तव में खो गए है। सोबी पुत्र सुनील सिंह ग्राम मुर्शदपुर दिल्लो पोस्ट मेहर आलीपुर नहटौर जिला बिजनौर, बिजनौर

I Sandeep Kumar S/o Indra Kumar Singhal R/o 697 Panchsheel Colony, South Civil Line, Muzaffarnagar UP Changed my name to Sandeep Singhal.

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र B20260990013000300 नगर पंचायत झिंझाना में जिसमें गलत दर्ज है, मैंने पुत्र का नाम बदलकर अहमद Ahmad कर लिया है। शाहनवाज पुत्र अनवार, झिंझाना (शामली)

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र एवं अन्य दस्तावेजों में उसका नाम अभिमान दर्ज है जो गलत है। सही नाम विद्यार्थ ढाका है। भविष्य में उसे विद्यार्थ ढाका के नाम से जाना जाए। विशांत कुमार पुत्र जोगिंद सिंह निवासी ढिकौली, बागपत।

मेरे पुत्र का नाम दस्तावेजों में अभिमान (Abhiman) गलत दर्ज है सही नाम विद्यार्थ ढाका (Vidharth Dhaka) है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना जाए। विशांत कुमार पुत्र जोगिंद सिंह निवासी ढिकौली, बागपत।

यूनिवास स्कूल रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम MOHD.AFEEF अंकित है, जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक पूरा नाम MOHAMMAD AFEEF है, स्कूल रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम MOHAMMAD AFEEF अंकित किया जाये। शाह आलम पुत्र मौ0 अय्यूब निवासी 1113, सराय बहलीम, मेरठ

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जांच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापन दाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन **जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य** किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़ें। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

...भरोसे का प्रतीक! ...the name you can BANK upon!

नीलामी सूचना E-Auction के द्वारा

मण्डल कार्यालयः रिकवरी सेन्टर, निकट तहसील कार्यालय, बैराज रोड, बिजनौर (उ0प्र0)- 246701, ईमेल- cobznsam@pnb.co.in, cobijnore@pnb.co.in

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) [नियम 8(6)/9(1)]/[नियम 6(2)] के अधिनियम, 2002 के तहत ई–नीलामी विक्रय हेतु सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (6)/9(1)]/[नियम 6(2)] के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल/चल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों का तथा विशेष रूप से ऋणी (ओं)/गारन्टर (ओं) उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास दृष्टिबंधक/बंधक/प्रभारित है का **सांकेतिक (विवरण नीचे उल्लिखित) कब्जा** प्रतिभूति लेनदार के **प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक** द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर **पंजाब नैशनल बैंक नीचे उल्लिखित ऋणी**/ गारन्टरों की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथियों को बेची जायेगी। प्रत्येक संपत्ति का रिजर्व मूल्य एवं अर्नेस्ट मनी विवरण नीचे उल्लिखित है, तथा संपित्तयों का ज्ञात प्रभार का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो, के रूप में नीचे उल्लेख किया गया है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित क्रेडिटर्स वेबसाइट में दिए गए लिंक को देखें **BAANKNET.COM**

क्र0 सं0	शाखा/ऋणी/गारन्टर का नाम व पता	अचल सम्पत्ति का विवरण बंधक/मालिक का नाम (संपत्ति के बंधक)	(ए) सरफेसी एक्ट के मांग नोटिस 13(2) की तिथि (बी) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना (ई) कब्जे के प्रकार प्रतीकात्मक/भौतिक/सांकेतिक	(ए) रिर्जव मूल्य (लाख में) (बी) ईएमडी (सी) बोली वृद्धि राशि	बैंक को ज्ञात लेनदारों के प्रभार का विवरण
	ई–नीलामी दिनांक 30.05.2026 समय सुबह 11.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक				
1	शाखाः नजीबाबाद कोटद्वार रोड, बिजनौर श्री दिनेश कुमार पुत्र स्व0 श्री बिशम्बर सिंह (**ऋणी/बंधककर्ता**), श्री महफूज़ खान पुत्र श्री छुट्टन (**गारन्टर**)।	बंधक सम्पत्ति स्वामी श्री दिनेश कुमार पुत्र स्व0 श्री बिशम्बर सिंह, स्थित मौहल्ला- जब्तागंज, नजीबाबाद, जिला- बिजनौर (उ0प्र0)। कुल माप क्षेत्रफल 128.25 वर्ग मीटर, बही नं0 1, जिल्द नं0 7223, पेज नं0 17-36, क्र0सं0 8741, दिनांक 08.06.2015 को सब-रजिस्ट्रार ऑफिस नजीबाबाद पर पंजीकृत है। सीमाएँः- पूर्वः विक्रेता का प्लॉट (अर्थात् मौहम्मद आसिफ), पश्चिमः 18 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तरः 16 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः श्रीमती मीनू का प्लॉट।	(ए) 07.03.2019 (बी) रू0 **16,68,936.00** + ब्याज और अन्य खर्चे (सी) सांकेतिक	रू0 18,83,600/- रू0 1,88,360/- रू0 20,000/-	ज्ञात नहीं
2	शाखाः बुंदकी, बिजनौर श्रीमती रेखा छावर पत्नी श्री भारत छावर (**ऋणी/बंधककर्ता**), श्री भार्गव छावर पुत्र श्री भारत छावर (**सह-ऋणी**)।	बंधक आवासीय सम्पत्ति स्थित मौहल्ला- गुलिस्तान, कस्बा जलालाबाद, परगना एवं तहसील- नजीबाबाद, जिला- बिजनौर (उ0प्र0) (सम्पत्ति स्वामी श्रीमती रेखा छावर पत्नी श्री भारत छावर), कुल माप क्षेत्रफल 40.61 वर्ग मीटर, बही नं0 1, जिल्द नं0 10375, पेज नं0 1 से 14, क्र0सं0 907, दिनांक 19.01.2021, सब-रजिस्ट्रार ऑफिस नजीबाबाद, जिला- बिजनौर (उ0प्र0) पर पंजीकृत है। सीमाएँः- पूर्वः डेविड का मकान, पश्चिमः 6 फीट 8 इंच चौड़ा रास्ता, उत्तरः श्री मोहन का मकान, दक्षिणः विक्रेता (श्री भारत) का मकान।	(ए) 16.06.2025 (बी) रू0 **10,44,829.66** + ब्याज और अन्य खर्चे (सी) सांकेतिक	रू0 5,95,000/- रू0 59,500/- रू0 10,000/-	ज्ञात नहीं
3	शाखाः कोतवाली, बिजनौर श्री रोहित छावर पुत्र श्री भारत छावर (**ऋणी/बंधककर्ता**), श्रीमती गुड्डी देवी पत्नी श्री बब्बन (**गारन्टर**)।	बंधक चल आवासीय सम्पत्ति स्थित मौहल्ला गुलिस्तान, कस्बा जलालाबाद, परगना और तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर (उ.प्र.) (सम्पत्ति स्वामी श्री रोहित छावर पुत्र श्री भारत छावर) कुल माप 37.49 वर्गमीटर रिकॉर्ड बही नं. 01, जिल्द नं. 10837, पेज नं. 353 से 366, क्रमांक नं. 2175, दिनांक 11.02.2022 सब रजिस्ट्रार ऑफिस नजीबाबाद (उ.प्र.) पर पंजीकृत है। विक्रय विलेख के अनुसार सीमाएँः- पूर्व- हरी का मकान, पश्चिम- भारत छावर का मकान, उत्तर- डेविड का मकान, दक्षिण- 7 फीट चौड़ा रास्ता।	(ए) 21.02.2025 (बी) रू0 **10,36,072.11** + ब्याज और अन्य खर्चे (सी) सांकेतिक	रू0 6,17,000/- रू0 61,700/- रू0 10,000/-	ज्ञात नहीं
4	शाखा नजीबाबाद चौक, बिजनौर **ऋणी एवं बंधककर्ताः** मोहम्मद अकरम पुत्र श्री भूरे (**ऋणी/बंधककर्ता**), श्री दीपक सिंघल पुत्र श्री उमेश चन्द्र सिंघल (**गारन्टर**)।	सम्पत्ति स्थित मौहल्ला जबतगंज, नजीबाबाद, बिजनौर (यूपी), सम्पत्ति स्वामी मोहम्मद अकरम पुत्र श्री भूरे। कुल क्षेत्रफल 95.98 वर्ग मीटर, पंजीकृत बही नं0 1, जिल्द नं0 5862, पेज नं0 101-118, क्र0सं0 14933, दिनांक 14.12.12, सब रजिस्ट्रार कार्यालय नजीबाबाद। सीमाऐंः पूर्वः 12 फीट चौड़ा रोड, पश्चिमः सुरेश एवं राजेश की अराजी, उत्तरः सुल्तान बेग की अराजी, दक्षिणः सुल्तान सैफी की अराजी।	(ए) 16.08.2018 (बी) रू0 **12,20,207.00/-** + ब्याज और अन्य खर्चे (सी) भौतिक	रू0 10,26,778/- रू0 1,02,678/- रू0 10,000/-	ज्ञात नहीं

सम्पत्ति बिक्रि, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अर्न्तगत लागू नियमों के अधीन व निम्नलिखित नियमों व शर्तों के अनुसार होगी।

1. नीलामी बिक्री "ई–नीलामी के माध्यम से ऑनलाइन" पोर्टल **https://baanknet.com/** होगी। 2. इच्छुक बोलीदाताओं/क्रेताओं से अनुरोध है कि वे अपने मोबाइल नंबर और ईमेल–आईडी का उपयोग करके पोर्टल **(https://baanknet.com/)** पर पंजीकरण करें। इसके अलावा, उनसे अपेक्षित केवाईसी दस्तावेज अपलोड करने का अनुरोध किया जाता है। एक बार केवाईसी दस्तावेजों को ई-नीलामी सेवा प्रदाता द्वारा सत्यापित किया जाता है (जिसमे 5 कार्य दिवस लग सकते हैं), इच्छुक बोलीदाता / क्रेता को ई-नीलामी से पहले तक अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाइन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को स्थानांतरित करना होगा। पोर्टल में समय नीलामी से पहले, केवाईसी दस्तावेजों का पंजीकरण और वॉलेट में ईएमडी के हस्तांतरण को पहले से अच्छी तरह से पूरा किया जाना चाहिए। 3. उपर्युक्त धनराशि जमा (ईएमडी) राशि का भुगतान ऑनलाइन भुगतान 3 मोड अर्थात एनईएफटी/कैश /ट्रांसफर (से चालान जनरेट करने के पश्चात) **(https://baanknet.com/)** के माध्यम से किया जाएगा। किसी भी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से किया जाता है, हालांकि कैश / ट्रांसफर के लिए बोली लगाने वाले को पंजाब नेशनल बैंक शाखा का दौरा करना पड़ता है। चेक जैसे किसी अन्य मोड द्वारा ईएमडी का भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। बोलीदाताओं, जिन्होंने ईएमडी की राशि जमा नहीं कराई होगी को उन्हे ऑनलाइन ई–नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ई–नीलामी में भाग लेने के लिए जमा की गई ईएमडी की राशि पर कोई देय ब्याज नहीं दिया जाएगा। **4.** ई–नीलामी के लिए प्लेटफॉर्म **(https://baanknet.com/)** ई–नीलामी सेवा प्रदाता **M/S PSB Alliance Private Limited द्वारा प्रदान किया जाएगा, जिसका पंजीकृत कार्यालय यूनिट–1, तृतीय तल, वीआईओएस कमर्शियल टॉवर, वडाला टर्मिनल के पास, वडाला ईस्ट मुंबई–400037 (संपर्क टोलफ्री नंबर +91 8291220220, ई–मेलः– psba@psballiance.com)** इच्छुक बोलीदाताओं / क्रेताओं को ई–नीलामी की प्रक्रिया में ई–नीलामी के सेवा प्रदाता की वेबसाइट **https://baanknet.com/** के माध्यम से ई–नीलामी में भाग लेना होगा। 5. यहाँ अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों के विवरण को प्राधिंत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 6. नीलामी के आगे के नियमों और विनियमों के लिए या तो इन वेबसाइटों पर जाएं या नोडल अधिकारी **श्री जितेन्द्र कुमार झा, मो0 नं0 9634200162** से **पंजाब नेशनल बैंक, मण्डल कार्यालयः रिकवरी सेन्टर, निकट तहसील कार्यालय, बैराज रोड, बिजनौर (उ0प्र0)– 246701** मे संपर्क करें। बैंक बिना किसी कारण के नीलामी प्रक्रिया को रद्द / निलंबित करने का अधिकार रखता है। 7. सफल बोलकर्ता को दिये गये खाते में या डिमांड ड्राफ्ट द्वारा तत्काल नीलामी राशि की 25 प्रतिशत राशि जमा करानी होगी तत्काल या अगले दिन सुबह जमा करानी होगी (जिसमें पूर्व में जमा किया गया ईएमडी को समायोजित कर दिया जायेगा) बयाना राशि को नीलामी की राशि में बाद में समायोजित कर दिया जायेगा। 8. नीलामी की स्वींति के 15 दिनों के भीतर बोली लगाने वाले को 75 प्रतिशत राशि का भुगतान करना होगा। यदि वह शेष 75 प्रतिशत राशि का भुगतान दिये गये समय में नहीं कर पाता तो जमा की गयी राशि जब्त कर ली जायेगी और अनुपस्थित/दोषी व्यक्ति के सम्पत्ति सम्बन्धी सभी दावे या उससे सम्बन्धित दावे जिनकी बोली लगाई जानी है, वह भी खत्म हो जायेंगे। यदि नीलामी वाले दिन को अवकाश घोषित है, तो नीलामी अगले दिन आयोजित की जाएगी। 9. **प्लांट और मशीनरी पर जीएसटी/टीसीएस एवं अन्य कर क्रेता द्वारा वहन किया जायेगा।** 10. सफल बोलीकर्ता को रिजर्व मूल्य के एक क्रम ऊपर (बोली वृद्धि राशि) बोली लगाना अनिवार्य है। 11. यह इच्छुक बोलीदाताओं की जिम्मेदारी है कि वे बिक्री नोटिस, ई-नीलामी के नियम और शर्तें, ई-नीलामी के परिचालन भाग पर सहायता मैनुअल को ठीक से पढ़ें और उनका सख्ती से पालन करें। 12. प्राधिकृत अधिकारियों की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई बाधा नहीं है। हालाँकि, इच्छुक बोलीदातओं, को अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी में रखी गई संपत्ति के भार, श्शीर्षक, संपत्ति के भौतिक क्षेत्र और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया/संपत्ति को प्रभावित करने के संबंध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करनी चाहिए। बोली लगाने से पहले किसी भी वैधानिक देनदारियों, कर के बकाया, दावों आदि के बारे में पूछताछ करना। ई-नीलामी विज्ञापन बैंक की ओर से किसी भी प्रतिनिधित्व की प्रतिबद्धता का गठन नहीं करता है और न ही इसे माना जाएगा। संपत्ति सभी मौजूदा और भविष्य की बाधाओं के साथ बेची जा रही है, चाहे बैंक को ज्ञात हो या ना हो। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता किसी भी दावे/अधिकार/बकाया राशि के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। 13. बैंक बिक्री के लिए प्रस्तावित संपत्ति के संबंध में या बकाया जल/सेवा शुल्क, स्थानांतरण शुल्क, बिजली बकाया, नगर निगम/स्थान का बकाया जैसे किसी भी अनुमति/लाइसेंस, एनओसी आदि प्राप्त करने की कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। प्राधिकरण/सहकारी हाउसिंग सोसाइटी या उक्त संपत्ति की बिक्री के संबंध में और/या कोई अन्य बकाया, कर, लेवी शुल्क, हस्तांतरण शुल्क यदि कोई हो। सफल बोलीदाता को संपत्ति की खरीद के संबंध में आयकर के प्रावधानों का पालन करना होगा और लागू दरों के अनुसार अधिकारियों को कर का भुगतान करना होगा। 14. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है/सावधान किया जाता है कि वे अपनी बोलियाँ प्रस्तुत करने से पहले संबंधित राजस्व रिकॉर्ड/अन्य वैधानिक प्राधिकारियों जैसे बिक्री कर/उत्पाद शुल्क/आयकर आदि को सत्यापित करें और संपत्ति की प्रकृति, विवरण, शर्तों, बाधा, लाइन, शुल्क, वैधानिक बकाया आदि के बारे में खुद को संतुष्ट करें। 15. बिक्री प्रमाणपत्र जारी करने के खिलाफ डीआरटी/डीआरएटी/उच्च न्यायालय या किसी अन्य अदालत द्वारा पारित किसी भी स्थिगत/निषेध/निरोधक आदेश के लंबित रहने तक बिक्री प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा। इसके अलावा जमा की गई राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। 16. बिक्री पर रोक/रद्दीकरण' ओआरटी/डीआरएटी/उच्च न्यायालय या किसी अन्य न्यायालय द्वारा आगे की कार्यवाही पर रोक के मामले में, नीलामी को या तो स्थगित किया जा सकता है या रद्द किया जा सकता है, बिक्री में भाग लेने वाले किसी भी व्यक्ति को नुकसान, मुआवजे का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा। 17. बैंक के पास बिना किसी पूर्व सूचना और कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने या बिक्री को स्थगित/स्थगित करने/रद्द करने/बिक्री के किसी भी नियम और शर्तों को संशोधित करने का पूर्ण अधिकार और विवके है। 18. ऋणियों/गारंटी दाताओं को सूचना दी जाती है कि डिमांड नोटिस के अनुसार समस्त राशि (ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित) नीलामी की तारीख से पहले जमा कर दें। ऐसा न करने पर सम्पत्ति की नीलामी की दी जायेगी और बची हुई राशि, यदि कोई है, ब्याज एवं खर्चा सहित वसूल की जायेगी। नोटः अधिक जानकारी के लिए इन मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क करें- **9634200162.** 19. किसी भी बोली वृद्धि को भूमि और भवन तथा संयंत्र और मशीनरी दोनों पर आनुपातिक रूप से बढ़ा हुआ माना जाएगा।

हिन्दी पाठ में कोई विसंगति होने पर अग्रेजी अखबार Times of India पाठ को प्रमाणित माना जायेगा।

दिनांकः 15.05.2026 | स्थान – बिजनौर | प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूति लेनदार